वाणिज्य उत्सव

चर्चा में क्यों?

21-22 सितंबर, 2021 को **छत्तीसगढ़ के वाणिज्य एवं उद्योग विभाग** तथा विदेश व्यापार महानिदेशालय के संयुक्त तत्वावधान में शैलेक एक्सपोर्ट प्रमोशन काउंसिल के साथ राजधानी रायपुर में दो दिवसीय '**वाणिज्य उत्सव**' **सं**पन्न हुआ।

प्रमुख बिंदु

- इस कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्यमंत्री भूपेश बघेल द्वारा किया गया था। उद्घाटन समारोह में मुख्यमंत्री ने कहा कि प्राकृतिक संसाधनों से समृद्ध छत्तीसगढ़ देश के निर्यात परिदृश्य में एक महत्त्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है एवं यहाँ वाणिज्य एवं उद्योग के क्षेत्र में अपार संभावनाएँ हैं। यह वाणिज्य उत्सव राज्य में निर्यात को बढ़ावा देने में कारगर साबित होगा।
- मुख्यमंत्री ने इस दौरान राज्य मंडप का भी उद्घाटन किया। जहाँ राज्य के प्रमुख निर्यातकों द्वारा अपने उत्पादों का प्रदर्शन किया गया। साथ ही, उन्होंने 'बंबू द ग्रीन गोल्ड' पुस्तिका का विमोचन भी किया।
- कार्यक्रम के पहले दिन 'भारत में छत्तीसगढ़ राज्य एक उभरती आर्थिक शक्ति' सत्र आयोजित किया गया। इस दौरान विभिन्न प्रस्तुतीकरण दिये गए एवं बाँस आधारित उद्योगों की संभावनाओं व पर्यावरण अनुकूल तकनीकों, न्यूट्रास्कुटिकल उद्योगों की स्थापना तथा राज्य से विभिन्न उत्पादों की निर्यात संभावनाओं की जानकारी दी गई एवं सफल निर्यातकों से चर्चा की गई।
- कार्यक्रम के दूसरे दिन 22 सितंबर को निर्यातक वर्कशॉप के दौरान निर्यातकों द्वारा सामना की जा रही वित्तीय एवं नियामक बाधाओं एवं उनके निराकरण पर आधारित इंटरेक्टिव ओपन हाउस सेशन के तहत चर्चा की गई।
- उल्लेखनीय है कि आज़ादी के अमृत महोत्सव के तहत भारत की 75 साल की आर्थिक प्रगति को प्रदर्शित करने के लिये देश के सभी ज़िलों में 'वाणिज्य उत्सव' का आयोजन किया जा रहा है।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/vanijya-utsav-2